तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 जटगा-पसान सड़क जर्जर, खराब हो रही हैं यात्री बसें



## खबर संक्षेप

### कोरबा-यलहंका–कोरबा के मध्य चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान कोरबा–यलहंका(बेंगलुरु)–कोरबा के मध्य यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 1-1 फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 08261 कोरबा-यलहंका–समर स्पेशल ट्रेन कोरबा से 2 मई को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08262 यलहंका–कोरबा समर स्पेशल ट्रेन यलहंका से 3 मई को चलेगी। गाड़ी संख्या 08261 कोरबा-यलहंका समर स्पेशल ट्रेन 2 मई को कोरबा से सुबह 9 बजे रवाना होगी जो 19 बजे यलहंका स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08262 यलहंका(बेंगलुरु)-कोरबा समर स्पेशल ट्रेन 3 मई को यलहंका से 21 बजे रवाना होगी सुबह 8 बजे कोरबा स्टेशन पहुंचेगी।

### कोल कर्मियों को अब मिलेगा 20 हजार रुपये सेटलिंग इन अलाउंस

**कोरबा।** कोलइंडिया के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने अहम निर्णय लेते हुए नॉन-एग्जीक्यूटिव कैडर कर्मचारियों के लिए सेटलिंग-इन अलाउंस में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। यह फैसला 31 जुलाई को कोलकाता स्थित कंपनी मुख्यालय में आयोजित 481वीं बोर्ड बैठक में लिया गया। इसके तहत सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाला सेटलिंग-इन अलाउंस 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रति कर्मचारी कर दिया गया है। इस संबंध में कोल इंडिया की ओर से सोमवार को कार्यालय आदेश भी जारी कर दिया गया है। इसके मुताबिक जो कर्मचारी कंपनी के क्वार्टर या लीज पर लिये आवास में रह रहे हैं, उन्हें यह लाभ तभी मिलेगा जब वे अधिकृत प्राधिकारी द्वारा जारी क्वार्टर खाली करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### सिदार गए मड़वा तो चंद्रवंशी का डीएसपीएम में तबादला

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड ने प्रशासनिक आधार पर एक महत्वपूर्ण स्थानांतरण आदेश जारी किया है। कंपनी मुख्यालय द्वारा सोमवार को जारी आदेश के तहत दो वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। आदेश के अनुसार, कोरबा और मड़वा पावर प्लांट के मुख्य रसायनज्ञों की अदला-बदली की गई है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व विद्युत कंपनी के विभागीय रेस्ट हाउस में एक राजनीतिक कार्यक्रम के दौरान डीएसपीएम संयंत्र में कार्यरत चीफ केमिस्ट सहित अन्य अधिकारियों के कमरे व फ्रीजर में शराब व बीयर की बोतलें मिलने का मामला सामने आया था। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद इस मामले की शिकायत छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के एमडी से की गई थी जिसके बाद एमडी श्री कटियार ने नोटिस जारी कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की बात कही थी। जिसके बाद अब उत्पादन कंपनी ने एक स्थानांतरण आदेश जारी किया है जिसमें डीएसपीएम संयंत्र के चीफ केमिस्ट गोवर्धन सिदार को मड़वा स्थानांतरित कर दिया गया है वहीं मड़वा में पदस्थ उत्तम सिंह चंद्रवंशी का डीएसपीएम संयंत्र तबादला किया गया है।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीनेशन निःशुल्क

**कोरबा।** 17 मार्च से जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, करतला, पाली, पोड़ी उपरोड़ा, स्व. बिसाहू दास स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय कोरबा तथा रानी धनराज कुंवर शहरी सामु. स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में एचपीवी वैक्सीनेशन निःशुल्क किया जा रहा है। यह टीका विशेषकर किशोरियों के लिए प्रभावी माना जाता है। टीकाकरण के लिए वही किशोरियां पात्र हैं जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, लेकिन 15 वर्ष का जन्मदिन न मनाया हो। आयु प्रमाण पत्र के लिए आधारकार्ड या अन्य फोटो पहचान पत्र मान्य होगा।

# 37 साल पुराने कोतवाली थाना को जल्द मिलेगा हाईटेक थाना भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोतवाली थाना भवन लगभग 37 साला पुराना है जो काफी जर्जर हो चुका है। मौजूदा स्थिति में जर्जर पुराने भवन में ही काम चल रहा है। लंबे समय से कोतवाली को नए भवन की आवश्यकता महसूस हो रही थी कि आखिरकार कोतवाली को नया भवन की स्वीकृति मिली और थाने के ठीक पीछे नए थाना भवन का काम बहुत तेजी से चल रहा है और काम लगभग पूरा हो चुका है। आने वाले मई के महीने में कोतवाली हाईटेक थाना भवन की सौगात मिल सकती है।

उल्लेखनीय है कि शहर के हृदय स्थल कोतवाली भवन जहां सीएसपी ऑफिस का भी संचालन होता है जो वर्ष 1 जनवरी 1988 को थाना भवन का निर्माण हुआ था तब से कोतवाली थाना व सीएसपी

### वर्ष 1988 में पुराने भवन का हुआ था निर्माण

**खास बातें**

- जर्जर होने के चलते कई बार प्लास्टर भी गिर चुका था छत से
- नया थाना भवन का काम अंतिम चरण में



ऑफिस का संचालन इसी भवन में चल रहा है। लगभग 37 साल पुराने हो चुके भवन की हालत काफी जर्जर हो चुकी है। कई बार प्लास्टर भी गिर चुका है। लंबे समय से कोतवाली थाना भवन की डिमांड हो रही थी आखिरकार पुलिस के वरिष्ठ अफसरों पुलिस मुख्यालय को भेजा था जहां से स्वीकृति मिलने के बाद लगभग 60 लाख की लागत से पुलिस हाउसिंग सोसायटी के द्वारा नया थाना भवन का निर्माण कोतवाली थाने के ठीक पीछे स्थित खाली पड़ी जमीन पर नया थाना भवन तैयार किया जा रहा है और उसका काम लगभग पूरा हो चुका है। बताया जाता है की डेंटिंग पेंटिंग का ही काम शेष रह गया है। संभावना जतायी जा रही है कि अप्रैल के महीने में नया थाना भवन का निर्माण लगभग पूरा हो जाएगा। संभवतः जल्द ही आने वाले महीने में नया थाना भवन की सौगात मिलेगी और इस नये हाईटेक थाना भवन में कामकाज शुरु हो सकेगा। जहां पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों का काम बैठने के साथ साथ पर्याप्त संसाधन मुहैया हो सकेगी तो वहीं फरियादियों का भी काम आसान होगा।

### कटघोरा थाना क्षेत्र का मामला, प्रशासन की समझाइश पर समाप्त हुआ चक्काजाम

# सुतर्रा बायपास में ट्रेलर ने स्कूटी को मारी टक्कर, एक मौत, एक घायल, चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा/कटघोरा

लखनपुर मुख्य बायपास मार्ग स्थित सुतर्रा बायपास का है, जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने स्कूटी सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि स्कूटी में सवार महिला गंभीर रुप से घायल हो गई है जिसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों को समझाइश दी और मृतक के परिजनों को जिला प्रशासन की ओर से प्राथमिक सहायता की राशि दी गई जिसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है। ग्राम भांवर निवासी मंगल सिंह और ग्राम कुटेलामुड़ा की रहने वाली राजकुमारी सुबह अपने काम से बांकीमोंगरा जा रहे थे। मंगल सिंह पेशे से टाइल्स मिस्त्री थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मंगल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि



शव को रखकर चक्काजाम करते ग्रामीणों को समझाइश देती पुलिस।

राजकुमार गंभीर रुप से घायल हो गई है जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों में जमकर आक्रोश फूट पड़ा और चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। मौके पर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी, पोंडी उपरोड़ा तहसीलदार विनय देवांगन और नायब तहसीलदार सुमन मानिकपुरी भी पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को समझाइश दी, जिसके बाद लगभग एक घंटे के बाद जाम समाप्त कराया जा सका। दूसरी घटनाकारित कर ट्रेलर चालक अपनी वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया था जिसे पुलिस ने रजकम्मा टोल प्लाजा के समीप गिरफ्तार किया है।

# तेज रफ्तार भारी वाहन ने स्कूटी को मारी टक्कर, दंपती की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक दंपती स्कूटी वाहन में सवार होकर अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पड़ोसी जिला जा रहे थे कि बीच रास्ते में उनकी एक्टिवा को

**खास बातें**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कचांदीनाला के समीप हुआ हादसा
- बालको भदरापारा से अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे सक्ती

एक भारी वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया जिससे स्कूटी सवार दंपती की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने दंपती के शव को वैधानिक कार्रवाई कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत भदरापारा निवासी बिहानूराम रात्रे 51 वर्ष पिता गोकुल प्रसाद रात्रे अपनी पत्नी छतन बाई रात्रे उम्र 50 वर्ष के साथ अपने एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 12 एडब्ल्यू 9391 में सवार होकर मंगलवार की सुबह पड़ोसी जिला सक्ति के ग्राम नगरदा रिश्तेदार के



सड़क पर पड़े मृत दंपत्ति के शव।



दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी।

यहां अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत कंचादी नाला के समीप पहुंचे थे कि एक अज्ञात वाहन ने बिहानू राम की एक्टिवा को अपने चपेट में ले लिया जिससे पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जब तक दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जाता दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। बताया जाता है कि घटना की सूचना स्थानीय राहगिरों ने सिविल लाइन पुलिस को दी। जिसके उपरांत सिविल लाइन पुलिस की टीम ने बिहानूराम वह छतन भाई के शव को वैधानिक कार्रवाई के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। एक साथ दंपति की मौत हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है।

# राख रोकने संयंत्र प्रबंधन ले रहा ग्रीन नेट का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध टूटने के बाद राखड़ रोकने के लिए अपनाए जा रहे जुगाड़ तंत्र चर्चा का विषय बना हुआ है। कागजों में आधुनिक और

**खास बात**

- एचटीपीपी संयंत्र का जुगाड़तंत्र नहीं आ रहा काम



क्षतिग्रस्त बांध में लगा ग्रीन नेट।

जमीनी हकीकत में जुगाड़ साबित हो रही इस व्यवस्था के तहत संयंत्र प्रबंधन के अधिकारी राख को रोकने के लिए ग्रीन नेट का सहारा ले रहे हैं।

झाबू राखड़ और डिंडोलभांठा में लगाए गए ये नेट हवा में उड़ती राख को थामने के बजाय खुद ही हवा के आगे हथियार डालते नजर आ रहे हैं। दावा था कि ग्रीन नेट से राख के प्रदूषण पर लगाम लगेगी, लेकिन हकीकत में ये नेट कुछ दिनों की मेहमान साबित हो रहे हैं। तेज हवा आते ही नेट फटते हैं, गिरते हैं और फिर वही राख खुले आसमान में उड़कर आसपास के गांवों और बस्तियों को अपनी चपेट में ले लेती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राख की धूल अब रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुकी है। सांस लेना मुश्किल, घरों में परत दर परत धूल, और ऊपर से ये अस्थायी इंतजाम। ऐसे में ग्रीन नेट पर्यावरण सुरक्षा से ज्यादा एक औपचारिकता नजर आता है। तकनीक के नाम पर जुगाड़ और जमीनी हकीकत से दूरी, यही तस्वीर सामने आ रही है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब तक सिस्टम इसी तरह के अस्थायी उपायों से अपनी जिम्मेदारी निभाने का दावा करता रहेगा? कोरबा में राख उड़ रही है, लेकिन जवाबदेही अब भी जमीन पर नहीं उतर रही।

### फाटक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत



**कोरबा।** टीपी नगर रेलवे फाटक के आगे ट्रेक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है। यह हादसा टीपीनगर चौक के आगे रेल लाइन को पार करते समय सुबह हुआ। शव देखकर फाटक पर तैनात कर्मचारी ने सीएसईबी चौकी पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई शुरू की। कोरबा रेलवे आरपीएफ की पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और उसकी पहचान के प्रयास जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर किसी को मृतक के बारे में कोई जानकारी हो, तो वह तुरंत पुलिस से संपर्क करें।




### एसईसीएल गेवरा खदान का मामला, कर्मियों ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

# कोयला कर्मियों ने इंसेंटिव की मांग को लेकर खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के गेवरा क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों ने महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर समान लाभांश (इंसेंटिव) देने की मांग की है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि गेवरा परियोजना के अंतर्गत कार्यरत विभिन्न सेक्शन-जैसे ईस्ट सेक्शन, डंपर, शॉवेल, डोजर ऑपरेटर, वर्कशॉप, सिविल, हॉस्पिटल, एरिया ऑफिस समेत अन्य विभागों के कर्मचारी उत्पादन में बराबर योगदान दे रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें कई वर्षों से न तो लाभांश मिल रहा है और न ही किसी प्रकार का इंसेंटिव मिल रहा है।

कर्मचारियों का कहना है कि यदि वे अपने-अपने कार्य-जैसे मशीनों की मरम्मत, पानी सप्लाई, शिफ्टिंग, सुरक्षा, चिकित्सा सेवाएं आदि-न करें तो उत्पादन पूरी तरह प्रभावित हो जाएगा। इसके बावजूद केवल एक सेक्शन को ही ओवरटाइम और इंसेंटिव देना अन्य कर्मचारियों के साथ अन्याय है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कर्मचारियों को संडे और पब्लिक हॉलिडे जैसे बुनियादी लाभों से भी वंचित रखा जा रहा है। इससे कर्मचारियों में लगातार असंतोष बढ़ रहा है। कर्मचारियों ने मांग की है कि पूरे गेवरा क्षेत्र के सभी कर्मचारियों को समान रूप से इंसेंटिव राशि प्रदान की जाए और भेदभावपूर्ण व्यवस्था को समाप्त किया जाए। साथ ही उन्होंने प्रबंधन से इस विषय पर जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया है। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया, बिलासपुर प्रबंधन सहित विभिन्न उच्च अधिकारियों और श्रमिक संगठनों को भी भेजी गई है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि वे कंपनी के उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं, लेकिन यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन की राह भी अपनाई जा सकती है। यह मामला एक बार फिर कोयला उद्योग में कर्मचारियों के साथ हो रहे भेदभाव और असंतोष को उजागर करता है, जिस पर अब प्रबंधन की प्रतिक्रिया अहम होगी।

## खबर संक्षेप

### म्यूल बैंक खाताधारक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पुलिस ने बैंक खाता धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, भारत शासन द्वारा संचालित पुलिस पोर्टल जेएमईएस के माध्यम से आईडीबीआई बैंक के संदिग्ध बैंक खाता धारक प्रकाश साहू पिता रविशंकर साहू ब्रिज विहार अशोक नगर निवासी के द्वारा खुलवाया गया है। उसने अपने बैंक एकाउंट से विभिन्न बैंक एकाउंट में यूपीआई / एटीएम विड्रल माध्यम से रकम स्थानांतरित व आहरित किया है। उक्त बैंक खाता से ठगी रकम लेनदेन करने की आशंका है। पुलिस ने बैंक खाताधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 317, 5318, 4, 323, 61, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कार को टक्कर मार स्कूटी सवार युवती घायल

**बिलासपुर।** शापिंग करने जा रही महिला डाक्टर की कार को टक्कर मारकर स्कूटी सवार युवती घायल हो गई। घायल युवती को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं टक्कर लगने से कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने युवती के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, अग्रसेन चौक जयपाल टावर निवासी डा. सुधा राम पिता रघु राम किम्स हास्पिटल में डाक्टर है। 20 अप्रैल की शाम 7 बजे वह अपनी कार क्रमांक एनटी 02 बीएल, 5468 से अपनी छोटी बच्ची को साथ लेकर नेहरू नगर होते हुए 36 सीटी मॉल जा रही थी। सांई मंदिर के पास सामने से आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 10 एजे, 4218 की चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी कार को टक्कर दी। इसमें स्कूटी सवार युवती को चोट आई है। परिजन के द्वारा घायल युवती को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं स्कूटी की टक्कर से उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने महिला डाक्टर की रिपोर्ट पर स्कूटी चालक युवती के खिलाफ बीएनएस की धारा 184, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कार गड्ढे में घुसकर पलटी, 5 घायल

**बिलासपुर।** देर रात बारात से लौट रही कार सड़क किनारे खोदे गए गढ्ढे में घूसकर पलट गई। हादसे में 5 लोगों को चोट आई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, टिकरापारा के युवक कार क्रमांक सीजी 10 बीएन, 6974 से बलौदाबाजार तुरतुरिया गए थे। शादी में शामिल होने के बाद देर रात कार से लौट रहे थे। रात 2 बजे लालखदन के पास सड़क किनारे खोदे गए गढ्ढे.में उनकी कार घूसकर पलट गई। हादसे में कार सवार 5 लोगों को चोट आई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। टीआई रजनीश सिंह ने बताया पीड़ित रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं आए है।

### दिव्यांग बच्चों के लिए समर कैंप का शुभारंभ

**बिलासपुर।** विशेष दिव्यांगता वाले बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन गुरुद्वारा सिंह सभा दयालबंद एवं स्पेशल ओलम्पिक भारत छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष परमजीत सिंह सलूजा, गुरदीप आजमानी, लॉयन्स क्लब से नितीन सलूजा एवं बीडीएनए अध्यक्ष ललित पुजारा द्वारा किया गया। इसका आयोजन भारत छत्तीसगढ़ की फैमिली फोरम हेड कविता पुजारा द्वारा किया जा रहा है।

**मरीज हो रहे पसीने से तर-बतर** | क्रेडा को मिला अब मिला 32 लाख रुपए, टेंडर प्रक्रिया में लगेगा 2 माह का समय

# सालों से सिम्स का सोलर सिस्टम बंद, बिजली ठप होते ही मरीज होते हैं हलाकान

अलग खबर

**बिलासपुर।** पिछले कई सालों से सिम्स का सोलर सिस्टम बंद है, लेकिन इसे शुरू करने की कवायद इस साल हुई है। इस कारम मरीजों को इस गर्मी में भी हलाकान होना पड़ रहा है। दरअसल मार्च में सिम्स प्रबंधन ने सोलर सिस्टम को दूरूस्त करने 32 लाख रुपए दिए है, ऐसे में क्रेडा को टेंडर प्रक्रिया पूरी करने और सिस्टम को बनाने 2 माह का समय लग सकता है। साफ है इस साल भी गर्मी में बिजली बंद होते ही मरीजों को पसीने से तर होना पड़ रहा है।

सिम्स में लगे सोलर पैनल का जायजा लिया गया तो पाया गया कि लाखों रुपए खर्च कर लगाए गए सोलर पैनल जंग खा चुके है। पैनल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है, वहीं बैटरी खराब है। ऐसे में सिम्स के मेल सर्जिकल वार्ड, आर्थेपेडिक वार्ड, फिमेल सर्जिकल वार्ड, बर्न यूनिट जैसे पुराने वार्डो में बिजली बंद होते ही अंधेरा छा जाता है, यह रोज की कहानी बन चुकी है। हालांकि सिम्स प्रबंधन ने सोलर को दुरूस्त करने का बीड़ा उठाया है लेकिन इसके में देरी हो रही है। सिम्स प्रबंधन का कहना है क्रेडा ने इसकी स्वीकृति के लिए रायपुर कार्यालय फाइल भेजी है, टेंडर लगने और वर्क आर्डर होने में ही दो माह का समय गुजर जाएगा। ऐसे में कहा जाता सकता है कि आने वाले दो महीने सिम्स के मरीजों को सोलर की बिजली मिलनी मुश्किल है।


सिम्स में लगा सोलर सिस्टम कई साल से बंद।

### पुरानी बिल्डिंग की तारें जर्जर

खास बात यह है कि सिम्स की नई बिल्डिंग में ज्यादातर जगहों पर बैटरी और डीजी से करंट सप्लाई की जा सकती है। बिजली बंद होते ही यह एक्टीव भी हो जाता है लेकिन पुरानी बिल्डिंग में पहले भी सोलर पैनल से बिजली सप्लाई कराना प्रबंधन के लिए खासी चुनौतीपूर्ण रहता है, जबकि सोलर पैनल पुरानी बिल्डिंग में के एक हिस्से में लगाया गया था। बताया जा रहा है कि ज्यादातर तारें जर्जर हो चुकीं है। खराब होने के कारण कई बार शार्ट सर्किट होने और रिटर्न करंट आने की दिक्कत होती है, जिसके चलते बैटरी खराब होने का खतरा बना रहता है।

### जल्द काम पूरा करेंगे

क्रेडा को ही सोलर पैनल लगाना है, हमने 32 लाख रुपए दिए है, जल्द ही पैनल और बैटरी लगाए जाएंगें।

**-डॉ लखन सिंह,** अधीक्षक, सिम्स

### फंड जमा कराया जा रहा

फाइल रायपुर कार्यालय भेजा गया है, पिछले माह ही फंड जमा कराया गया है, वर्क आर्डर और टेंडर प्रक्रिया में समय लगता है। फिर भी जल्द से जल्द काम पूरा करने की कोशिश की जाएगी।

**-सना परवीन,** ईई, क्रेडा विभाग

कानन पेण्डारी जू प्रबंधन वन्यप्राणियों के जीवन के साथ कर रहा खिलवाड़

# भीषण गर्मी में तप रहे हैं कानन के वन्यप्राणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कानन पेण्डारी जू प्रबंधन दोपहर की भीषण गर्मी में वन्यप्राणियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। तेज धूप में स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव नहीं होने और टंकी में पानी नहीं होने के कारण वन्यप्राणी तपने के साथ प्यासे भी हैं, जिनकी हालत कभी भी किसी भी समय खराब हो सकती है।

अप्रैल माह की भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। दोपहर की तेज धूप और भीषण गर्मी के कारण लोग अपने घरों से निकलना नहीं चाह रहे हैं। लोगों के साथ दोपहर की तेज धूप से वन्यप्राणियों को भी परेशानी होती है, जो धूप से बचने के लिए पेड़ों की छांव का सहारा लेते हैं। गर्मी में कानन पेण्डारी पर्यटन केन्द्र के अंदर रहने वाले वन्यप्राणियों को भी काफी परेशानी हो रही है। भीषण गर्मी से बचाव करने के लिए कानन प्रबंधन ने सभी वन्यप्राणियो के लिए पहले से ही अलग-अलग व्यवस्था कर रखी है, लेकिन यह व्यवस्था कुछ मिनटों के बाद बंद कर दी जाती है।

प्रबंधन के अनुसार मांसाहारी वन्यप्राणी यानि लायन, टाइगर व अन्य के लिए बनाए गए केज में कूलर, पंखे और खस लगाए गए हैं, जिसमें पानी लगातार भरा जा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ कूलरों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। इसके अलावा सांपों, पक्षियों के केज में खस लगाया गया है, जिसमें प्रतिदिन चार से पांच बार पानी का छिड़काव किया जा रहा है। सबसे अधिक पानी मांसाहारी वन्यप्राणियों के केज में उपयोग हो रहा है।

टाइगर और तेंदुआ के केज में पाइप से चार से पांच बार पानी डाला जाता है। वहीं चीतल, नील गाय सहित अन्य शाकाहारी वन्यप्राणियों के केज में स्प्रिंकलर लगाए गए हैं, जिसमें लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है। यह व्यवस्था केवल कुछ मिनटों की रहती है। वर्तमान में स्प्रिंकलर की हालत ऐसी है कि उसका उपयोग दोपहर की तेज धूप में पानी छिड़काव के लिए बंद कर दिया गया है। इसके अलावा किसी भी केज में वन्यप्राणियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं कराई गई है।

**गर्मी से बेहाल शेर...**







### धूप से बचने पेड़ों का सहारा

भीषण गर्मी का असर वन्यप्राणियों पर भी हो रहा है। वन्यप्राणी गर्मी और दोपहर की तेज धूप से बचने के लिए पेड़ का सहारा लेने लगे हैं। घास मैदान मे विचरण करने वाले वन्यप्राणी सांभर केज के बाहर पेड़ पौधो के नीचे दिनभर बैठे रहते हैं। भालू के बाड़े में पत्तेदार पेड़ अधिक हैं। वह धूप तेज होते ही पेड़ पर चढ़ जाते हैं। अन्य वन्यप्राणी भी पेड़ की छांव में आराम करते हुए दिखाई देते हैं। वहीं सांभर, हिरण, बारहसिंघा और अन्य शाकाहारी वन्यप्राणियों के लिए टीन का शेड बनाकर पैगोड़ा तो बनाया गया है, लेकिन उसके ऊपर घास नहीं डालने से टीन के शेड भी काफी गरम करते हैं, जिसकी वजह से वन्यप्राणी शेड के बजाय पेड़ के नीचे रहना पसंद कर रहे हैं।

### वाटर कूलर में गरम पानी

स्प्रिंकलर तो वन्यप्राणियों को ठंडक देने के लिए केज में लगाया गया है, जिसमें पानी का छिड़काव पूरी तरह से बंद है। वहीं मोर के अलावा टाइगर, हिरण, बारहसिंघा व अन्य वन्यप्राणियों के पानी पीने के लिए बनाई गई टंकी सूखी है। इसके साथ ही कानन जू में भ्रमण करने वाले सैलानियों के लिए शुतुरमुर्ग केज के पास एक वाटर कूलर लगाया गया है, जहां सैलानियों को ठंडे पानी की जगह गरम पानी पीना पड़ रहा है।

### लाइट की परेशानी

सुबह से कानन पेण्डारी जू में बिजली बंद की परेशानी थी, जिसके कारण जू में रखा जनरेटर भी काम नहीं कर रहा था। पूरे जू में एक जनरेटर रखा हुआ है। बिजली बंद के कारण ही स्प्रिंकलर से पानी का न तो छिड़काव हो सका और न ही टंकी में पानी भरा गया। बिजली आने के बाद सारे कार्य शुरु कर दिए गए, ताकि गर्मी में वन्यप्राणियों को परेशानी न हो सके।

**-राजेन्द्र सोरी,** अधीक्षक, कानन पेण्डारी जू



# 25 से खोले जाएंगे खूंटाघाट बांध के गेट

**भीषण गर्मी में सूखने की कगार पर हैं गांव के तालाब**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी में गांवों के तालाब सूखने की स्थिति में पहुंच चुके हैं। ऐसे में उनमें जलभराव का जिम्मा एक बार फिर जिले के सबसे बड़े बांध खूंटाघाट पर ही है। निस्तारी तालाबों में जलभराव के उद्देश्य से बांध के गेट 25 अप्रैल से खोले जाएंगे। वैसे तो बांध के गेट तालाबों में जलभराव होने तक खुले रहेंगे, लेकिन कम से कम पंद्रह दिनों तक के लिए गेट खोले जाने की संभावना जताई गई है।

- तालाबों में निस्तारी के लिए भरा जाएगा पानी

गर्मी के दिनों में जब पानी के लिए चारों ओर हाहाकार मचता है तो इस समस्या का हल ढूंढने लोगों की नजर जिले के सबसे बड़े बांध खारंग जलाशय की ओर ही होती है। इस बार भी ऐसा ही होने वाला है। तालाबों में निस्तारी के लिए पानी भरने बांध के गेट खोलने की मांग वैसे तो अप्रैल के पहले सप्ताह से ही आने लगी थी, लेकिन सिंचाई विभाग द्वारा अपने स्तर पर कराए गए सर्वे के बाद गांवों में तालाबों में निस्तारी लायक पानी शेष होना पाया गया था। लिहाजा तब बांध के गेट खोलने का निर्णय नहीं लिया गया। आज की स्थिति में अधिकतम तापमान 45 डिग्री पहुंचने को है, ऐसे में तालाब पूरी तरह सूखने की कगार पर पहुंच चुके हैं। गांवों से लगातार बांध से पानी देने की मांग भी आने लगी है। लिहाजा सिंचाई विभाग द्वारा 25 अप्रैल से बांध की दोनों नहरों में पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है। ज्ञात हो कि दोनों नहरों को मिलाकर बांध से करीब दो सौ तालाबों में जलभराव किया जाता है।

### खारंग जलाशय में अभी 84 प्रतिशत जलभराव

खारंग जलाशय में अभी 84 प्रतिशत जलभराव उपलब्ध है, जो कि बांध की काफी अच्छी स्थिति है। इस साल बारिश जल्दी होने के कारण बांध में पर्याप्त जलभराव हुआ था, बल्कि समय से पहले शत प्रतिशत जलभराव भी हो गया था। स्थिति यह थी कि बांध से डेढ़ महीने तक लगातार वेस्टवियर चलता रहा। यही कारण है कि वर्तमान में बांध में जलभराव की स्थिति काफी अच्छी है।

### 25 को खोल सकते हैं बांध के गेट


25 अप्रैल को सुबह 11 बजे से खारंग जलाशय के गेट खोले जा सकते हैं। गांव के तालाब सूखने की स्थिति में आ जाने के कारण निस्तारी के लिए बांध से पानी की मांग की जाने लगी थी। बांध में अभी 84 प्रतिशत जलभराव उपलब्ध है, जो कि काफी अच्छी स्थिति है।

**-पीएन श्रीवास्तव,** एसडीओ खारंग डिवीजन

# चार अफसरों की टीम करेगी बेपटरी मालगाड़ी की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कटनी से बिलासपुर आ रही मालगाड़ी अचानक बेपटरी हो गई थी, जिसके कारण बिलासपुर से कटनी के बीच तीनों लाइन ब्लाक हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के आदेश पर चार अफसरों की टीम गठित कर दी है, जिनकी जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



जानकारी के अनुसार कटनी से बिलासपुर की ओर आ रही खाली एन बॉक्स मालगाड़ी के दो वैगन के बीच लगी योग असेंबली टूटने के कारण बड़ी दुर्घटना हो गई। मालगाड़ी के वैगन अचानक पटरी से उतरने से बिलासपुर-कटनी रूट पर तीनों लाइन पर घंटो यातायात बाधित रहा। मालगाड़ी सुबह 10.20 बजे मुदरिया स्टेशन पार कर रही थी। इस दौरान 27 व 28 नम्बर के वैगन के बीच लगी योग असेंबली अचानक टूटकर नीचे गई, जिसके कारण 27वें नंबर का वैगन बेपटरी हो गया। ट्रेन की गति कम होने की वजह से वैगन ज्यादा दूर तक नहीं घिसट सके और मालगाड़ी तत्काल रूक गई। इसके कारण एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। घटना की सूचना मिलते ही मालगाड़ी के मैनेजर राकेश कुमार ने स्टेशन मास्टर को अवगत कराया, जिसके उपरांत रेलवे के इंजीनियरों की टीम मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। टीम ने आगे के 30 और पीछे के 26वें वगनों को अलग कर मालगाड़ी आगे रवाना किया। बेपटरी हुए वैगन को बाद में पटरी पर वापस रखा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के आदेश पर जांच टीम गठित कर दी गई है, जिसमें एडीएमई, एडीएसओ, एडीईई/ओपी, एडीईएन शामिल हैं। चारों अफसरों की टीम जांच के बाद अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे।

# पेट्रोल पंप कर्मी से मारपीट

**रंगयुक्त नोट बदलकर देने को कहने पर हुआ विवाद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलर युक्त नोट बदलकर देने को कहने पर युवकों ने पेट्रोल पंप कर्मचारी के साथ मारपीट करते हुए आग लगा देने की धमकी देकर गमला उठाकर मशीन में पटक दिया। जिससे चिन्गारी निकलने लगा। फायर सिलेण्डर से आग बुझाया गया है। पुलिस ने हमलावर युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



- युवकों ने गमला उठाकर मशीन में फेंका चिंगारी निकलने से मचा हड़कंप

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, तोरवा पटेल मोहल्ला निवासी दुर्गेश पटेल पिता स्व. अशोक पटेल सरकण्डा बहतराई करतान फ्यूल्स पेट्रोल पंप में मैनेजर है। 20 अप्रैल को रात 12.30 बजे एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 वाय, 0663 का चालक पेट्रोल भराकर 100 को नोट दिया। कर्मचारी नितिश भारद्वाज ने रंग युक्त नोट होने से बदलकर देने को कहा तो युवक उसके साथ गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उसका एक साथ अपना नाम गोपेन्द्र गोयल उर्फ बबलू बताया एवं उसके दो साथी नितिश के साथ मारपीट करने लगे।

मैनेजर श्री पटेल बीच बचाव करने गए तो उनके साथ भी मारपीट कर माचीस से पेट्रोल पंप में आग लगाने की धमकी देकर गमला उठाकर मशीन के उपर पटक दिया। जिससे आग की चिंगारी निकलने लगी। आनन फानन में कर्मचारियों के द्वारा फायर सिलेण्डर से आग बुझाया गया है।

पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर गोपेन्द्र गोयल एवं उसके साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 324, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है। पुलिस गुण्डागर्दी करने वालों को नहीं पकड़ पाई है।

# धमनी जंगल में वन्यजीवों का शिकार, 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र धमनी में अवैध शिकार के एक मामले का खुलासा करते हुए वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

- वनकर्मियों ने आरोपियों से जब्त किया हथियार, बारूद
- दुर्लभ चिड़िया की प्रजाति रंग प्यारी के 3 नग तथा एक गिलहरी का किया था शिकार, आरोपियों को भेजा गया जेल

जानकारी के अनुसार, उप परिक्षेत्र सुंदरपुर के डुग्गर परिसर क्षेत्र में दुर्लभ चिड़िया की प्रजाति रंग प्यारी के 3 नग तथा एक गिलहरी का अवैध शिकार करते हुए आरोपियों को पकड़ा गया। मामले में वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2(16), 9, 39, 50 एवं 51 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया किया गया गया है। प्रकरण क्रमांक 22296/18 दिनांक 18 अप्रैल 2026 को दर्ज कर जांच शुरू की गई।वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिन्हें 19 अप्रैल को जिला जेल रामानुजगंज में दाखिल किया गया। अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई में शामिल सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड लिया गया है। वनमंडलाधिकारी आलोक कुमार वाजपेयी के निर्देश पर उप वनमंडलाधिकारी वाड्रफनगर प्रेमचंद मिश्रा एवं परिक्षेत्राधिकारी धमनी केशव राज खटकर के नेतृत्व में आरोपियों को गिरप्तार किया गया।वन कर्मियों ने आरोपियों सेअवैध शिकार में उपयोग किए जाने वाले हथियार एवं बारूद को जब्त किया है।

कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक हरिशंकर सिंह, बसंतलाल नेताम, परिसार रक्षक मनदेव प्रसाद गुप्ता, लालमती सोनवानी सहित वाहन चालक एवं वन प्रबंधन समिति के सदस्यों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। वनअधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शिकार के खिलाफ अभियान अनवरत जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौके पर मौत

**अम्बिकापुर।** कटनी गुमला नेशनल हाईवे क्रमांक 43 पर सुबह एक बड़ी दुर्घटना हो गई। ग्राम सरईपारा में ट्रक और बाइक के बीच हुए टक्कर में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। युवक हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ जमा हो जाने से अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गई और काफी देर तक नेशनल हाईवे पर आवागमन बाधित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले भीड़ को नियंत्रित किया उसके बाद आवागमन बहाल कराया। सड़क दुर्घटना के बाद चालक मौके पर ही वाहन छोड़ फरार हो गया। पुलिस द्वारा ट्रक को जब्त कर थाने लाया गया। जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के ग्राम लुड़ेग निवासी मुनेश्वर प्रधान आ. स्व. घसिया राम प्रधान (44 वर्ष) सुबह काम के सिलसिले में लेबर मिस्त्री लेने सीतापुर आया था। लेबर मिस्त्री खोलने के बाद वह बाइक क्रमांक सीजी 13 ए 6414 से वापस अपने घर ग्राम लुड़ेग जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 29 एबी 0147 से बाइक की सीधी टक्कर हो गई। ट्रक व बाइक की टक्कर इतीन जबरदस्त थी कि बाइक सवार के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई।

# रेलवेकर्मी के सूने मकान से नकद और चांदी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक बार फिर चोरों ने रेलवेकर्मी के सूने मकान में धावा बोला। चोर एक लाख 10 हजार रुपए नकद व चांदी के जेवर चोरी कर भाग गए। गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों को भनक तक नहीं लगी। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, कंस्ट्रक्शन कालोनी शिव मंदिर गली रेलवे क्टवार क्रमांक 894/3 निवासी उत्तम कुमार अनंत पिता यादराम अनंत रेलवे इंजीनियरिंग विभाग में सहायक कार्य के पद पर पदस्थ हैं। 20 अप्रैल की सुबह 8 बजे घर के दरवाजे पर ताला लगाकर गृहग्राम परसदा पथरिया बलौदा चले गए थे। देर रात चोरों ने उनके मकान के दरवाजे का कुंदा तोड़कर आराम से घर की तलाशी ली। आलमारी के लॉकर से 1 लाख 10 हजार रुपए नकद, चांदी का पायल, बाजूबंद, दो जोड़ी बिछिया चोरी कर भाग निकले। 21 अप्रैल की सुबह श्री अनंत घर लौटे तो दरवाजे का कुंदा टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान अस्त व्यस्त पड़ा था और आलमारी के लॉकर से नकद व जेवर चोरी हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री अनंत की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ए, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है।

- गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों भनक तक नहीं लगी

### पांच दिन में दूसरी वारदात

कंट्रक्शन कालोनी निवासी रेलवेकर्मी मनीष कुमार साहू 17 अप्रैल की रात 8.30 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर शादी में शामिल होने चिंगराजपारा चले गए थे। 18 अप्रैल की सुबह 9 बजे अपने घर आए तो ताला टूटा मिला। आलमारी से 4 तोला सोने के जेवर व 50 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी।

## खबर संक्षेप



### धमनी जंगल में वन्यजीवों का शिकार, 5 आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र धमनी में अवैध शिकार के एक मामले का खुलासा करते हुए वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार,उप परिक्षेत्र सुंदरपुर के डुग्गर परिसर क्षेत्र में दुर्लभ चिड़िया की प्रजाति रंग प्यारी के 3 नग तथा एक गिलहरी का अवैध शिकार करते हुए आरोपियों को पकड़ा गया। मामले में वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2(16), 9, 39, 50 एवं 51 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया किया गया गया है। प्रकरण क्रमांक 22296/18 दिनांक 18 अप्रैल 2026 को दर्ज कर जांच शुरू की गई।वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिन्हें 19 अप्रैल को जिला जेल रामानुजगंज में दाखिल किया गया। अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई में शामिल सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड लिया गया है।
वनमंडलाधिकारी आलोक कुमार वाजपेयी के निर्देश पर उप वनमंडलाधिकारी वाड्रफनगर प्रेमचंद मिश्रा एवं परिक्षेत्राधिकारी धमनी केशव राज खटकर के नेतृत्व में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।वन कर्मियों ने आरोपियों सेअवैध शिकार में उपयोग किए जाने वाले हथियार एवं बारूद को जब्त किया है।

### उद्यानिकी एवं वानिकी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 27 तक

**अम्बिकापुर।** उद्यानिकी एवं वानिकी विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री एग्रीकल्चर टेस्ट के माध्यम से महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में बीएससी. ऑनर्स उद्यानिकी एवं बीएससी ऑनर्स वानिकी के 4 वर्षीय डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश मेरिट के आधार पर किया जाएगा, जो पीएटी परीक्षा में प्राप्त अंकों पर आधारित होगी। बीएससी ऑनर्स उद्यानिकी के लिए विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित 16 शासकीय महाविद्यालयों एवं 3 निजी महाविद्यालयों में कुल 1240 सीटें वहीं बी.एस.सी. ऑनर्स वानिकी पाठ्यक्रम के लिए 1 महाविद्यालय में 60 सीटें निर्धारित की गई हैं।विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित समय-सीमा में आवेदन करने तथा तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए व्यापम द्वारा निर्देश जारी किये जा चुके हैं। आनलाइन आवेदन भरने की तिथि 2 अप्रैल से 27अप्रैल तकजबकि त्रुटि सुधार के के लिए 28 से 30 अप्रैल तक कि तिथि निर्धारित की गई है।

### किशोर पर गिरी पेड़ की डंगाल, गई जान

**अम्बिकापुर।** पेड़ के नीचे खड़े किशोर पर डंगाल गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। किशोर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। किशोर अपने साथियों के साथ कालीपुर शादी के चौथी कार्यक्रम में शामिल होने आया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम खुटिया निवासी अनिल दास आ. सुखल दास (15 वर्ष) सोमवार को रिश्तेदार के साथ श्रीनगर अंतर्गत ग्राम कालीपुर निवासी उमा शंकर के यहां शादी के चौथी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। शाम को जब भोजन की तैयारी कर रहे थे तभी अनिल दास घर के समीप आम पेड़ के नीचे खड़ा था। इसी बीच अचानक मौसम बदल जाने तथा आंधी तूफान आने से पेड़ का डंगाल टूट कर अनिल दास पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल अनिल दास को डंगाल के नीचे से निकाल सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया।

### बस स्टैंड के समीप बोलेरो से टकराई कार

**बिश्रामपुर।** सोमवार की देर रात करीब नौ बजे बस स्टैंड बिश्रामपुर के पास एनएच 43 में बोलेरो वाहन और मारुति सेलेरियो कार की आमने सामने हुई भिड़ंत में कार सवार दो लोगों को चोटे आई है। दुर्घटना में कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना एनएच 43 के बीचों बीच होने से कुछ देर के लिए सड़क पर ट्रैफिक प्रभावित हुआ ।सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंच दुर्घटनाग्रस्त दोनो वाहनों को सड़क से हटा किनारे कराया और आहत महिला पुरुष को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया है। बताया गया कि रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर के अवराडुग्गू मोहल्ला निवासी सीएफ के जवान प्रकाश कुमार अपने परिवार के साथ मोहल्ले के विवाह समारोह में शामिल होने गुरु रामदास सराय धर्मशाला जाने के लिए अपने सेलेरियो कार सीजी 10 ए क्यू 4194 से सपरिवार निकले थे बस स्टैंड शॉपिंग कांप्लेक्स के पास अंबिकापुर की तरफ से आ रही एसईसीएल से अनुबंधित बोलेरो वाहन सीजी 12 बीएच 4272 के चालक ने सामने से कार को तेज गति से टक्कर मार दी।घटना में तेज धमाके की आवाज के बाद मौके पर आसपास के लोग दौड़े और घायलों को कार से बाहर निकाल अस्पताल भिजवाया।सूचना पर बिश्रामपुर थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंच सड़क के बीचों बीच दुर्घटना ग्रस्त हालत में खड़ी दोनों वाहनों को सड़क से हटवा किनारे कराया।

## कलेक्टर-एसपी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा बैठक में लिए गए निर्णय

# ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई व शराब पीकर वाहन चलाने पर लाइसेंस करें निरस्त : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सड़क सुरक्षा प्रबंधन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटना नियंत्रण और सुधारात्मक उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए त्वरित और ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। सभी विभाग निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें, संवेदनशील स्थलों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पुलिस विभाग, पीडब्ल्यूडी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परिवहन विभाग, एसईसीएल, बालको सहित विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर और एसपी ने स्पष्ट किया कि शराब सेवन की स्थिति में वाहन चलाते पाए जाने वाले चालकों के लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। उन्होंने पिछली जांच में एसईसीएल, बालको, एनटीपीसी सहित अन्य औद्योगिक उपक्रमों के भारी वाहनों के चालकों के शराब पीकर पकड़े जाने के मामलों की समीक्षा की और लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई का परीक्षण किया। दुर्घटनाओं से बचाव के लिए दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। तीन सवारी, ओवरस्पीड, बिना नंबर के वाहन चलाने, ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन चलाने, यातायात उल्लंघन और नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने जैसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल न देने के मुद्दे पर भी व्यापक चर्चा की गई। सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों के लिए ड्यूटी के दौरान हेलमेट पहनना अनिवार्य करने तथा गेट पर सुरक्षा गार्ड द्वारा हेलमेट की जांच के बाद ही प्रवेश की अनुमति देने पर भी सहमति बनी। कलेक्टर श्री दुदावत ने जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूलों और कॉलेजों में हेलमेट रैली, निबंध प्रतियोगिता, क्विज, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कॉलेज विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन और दुर्घटनाओं से बचाव से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल करने पर जोर दिया। सभी शिक्षकों को भी हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने के निर्देश दिए गए।



बैठक लेते कलेक्टर व एसपी।

### ब्लेक स्पॉट पर लगेंगे संकेतक बोर्ड

चिन्हित ब्लैक स्पॉट और दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में सुधारात्मक कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने इन क्षेत्रों में आवागमन सुगम बनाने के लिए झाड़ियों की नियमित सफाई, सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने, सोल्डर क्षेत्र को भरने, रेडियमयुक्त संकेतक बोर्ड लगाने, रंबल स्ट्रिपर बनाने, प्रकाश व्यवस्था सुधारने और कोयला एवं फ्लाई ऐश परिवहन मार्गों पर नियमित पानी छिड़काव करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैरा घाट, पोडीकला घाट, लैंगा स्कूल मार्ग, कुकरीचोली-भैसमा रोड, भैसमा-सक्ती मोड़, उरगा चौकदृकोरबा रोड, राताखार-जोड़ापुल, बालको ऐश डेक रोड, गोपालपुर-छुरीकला और दीपका गौरव पथ सहित जिले के संवेदनशील मार्गों की भी समीक्षा की।

## किसानी के नया बछर अक्ति तिहार एवं माटी पूजन दिवस का आयोजन



पूजा अर्चना करते कृषि विभाग के अधिकारी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कृषि विज्ञान केंद्र, कटघोरा में छत्तीसगढ़ के किसानी के नया बछर अक्ति तिहार एवं माटी पूजन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मण जायसवाल, जनपद सदस्य सुतर्रा उपस्थित रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कटघोरा के अधिष्ठाता डॉ. आर. के. साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र, कटघोरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस. पी. सिंह द्वारा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां धरती की पूजा-अर्चना एवं माटी पूजन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लक्ष्मण जायसवाल ने अपने उद्बोधन में अक्ति तिहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व किसानों के लिए नई कृषि गतिविधियों की शुरुआत का प्रतीक है। माटी पूजन से भूमि के प्रति सम्मान और संरक्षण की भावना विकसित होती है। उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के साथ-साथ पारंपरिक परंपराओं को संरक्षित रखने का संदेश दिया। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस. पी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मृदा स्वास्थ्य को बनाए रखना सतत कृषि के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण, जैविक खाद के उपयोग और संतुलित उर्वरक प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि ने ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के आयोजनों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे किसानों में जागरूकता बढ़ती है और वे अपनी परंपराओं से जुड़े रहते हैं। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# कलेक्टर जनदर्शन में जनपद सदस्य ने उठाई लो वोल्टेज की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार में लो वोल्टेज की समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय जनपद सदस्य सुनीता अनिल टंडन ने क्षेत्र की समस्या से कलेक्टर को जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई है कि हरदीबाजार में बिजली की सही आपूर्ति नहीं होने से और लो वोल्टेज की समस्या से बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही एसईसीएल दीपका क्षेत्र नजदीक होने से बोर, कुएं एवं तालाब के पानी सूख चुके हैं और बचे हुए बोर व कुएं का जलस्रोत बहुत नीचे चला गया है। ऐसे में विद्युत विभाग के द्वारा भी विद्युत की सही तरीका से सप्लाई नहीं किया जाता है जिससे लोग वोल्टेज की समस्या क्षेत्र में बना हुआ है।

वोल्टेज की समस्या से बोर से पानी नहीं आ रहा है और तालाब में सूख चुके हैं। यदि इसी तरह से रवैया रहा तो आने वाले समय में और भी बहुत ज्यादा क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि खदान बहुत नजदीक होने से भरी मात्रा में ग्रामवासियों के समक्ष समस्या उत्पन्न हो रही है। एसईसीएल द्वारा भी जल की आपूर्ति सही तरीका से नहीं किया जा रहा है और जो जल आपूर्ति भी किया जा रहा है तो ठेकेदार के द्वारा अपने निजी साथियों को लाभ पहुंचाने के लिए जल की आपूर्ति किया जा रहा है। सही मायने में देखा जाए तो हरदीबाजार में विकराल जल की समस्या बना हुआ है। साथ ही जनपद सदस्य ने बताया कि उनके द्वारा कई बार से इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय महाप्रबंधक एवं कलेक्टर को अवगत कराया जा चुका है फिर भी समस्या यथावत बना हुआ है जिसे देखते हुए जनपद सदस्य ने जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर को क्षेत्र की समस्या से एक बार फिर से अवगत कराया है यदि समस्या का समाधान सुचारू रूप से संचालन नहीं किया जाता आने वाले समय में खदान बंद एवं चक्काजाम आंदोलन किया जाएगा ताकि क्षेत्र के भूविस्थापितों एवं ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

**खास बात**

- कलेक्टर से विद्युत आपूर्ति दुरुस्त करने की रखी मांग

# जनसमस्याओं का करें त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ शासन इस वर्ष सुशासन तिहार 2026 का आयोजन व्यापक स्तर पर कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी कर अभियान के प्रभावी संचालन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और त्वरित निराकरण सुशासन की नींव है तथा शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को सरल और सुलभ सेवाएं उपलब्ध हों। पिछले वर्ष आयोजित सुशासन तिहार के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इस वर्ष इसे और अधिक विस्तृत स्वरूप में लागू किया जा रहा है।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया कि अभियान के तहत 1 मई से 10 जून तक जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 10 से 15 ग्राम पंचायतों के समूहों के आधार पर तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के अनुसार शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जन-जागरूकता भी बढ़ाई जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिया है कि पात्र हितग्राहियों को यथास्थान योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए तथा शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण अधिकतम एक माह के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की अद्यतन स्थिति से अवगत कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव समय-समय पर शिविरों का निरीक्षण करेंगे और आमजन से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। इससे प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही और अधिक मजबूत होगी। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व संबंधी सभी लंबित प्रकरणों, जैसे सीमांकन, फौती, नामांतरण आदि का 30 अप्रैल तक पूर्ण निराकरण किया जाए। मनरेगा की लंबित मजदूरी भुगतान, खराब बिजली ट्रांसफार्मरों के बदलीकरण, हैंडपंपों की मरम्मत, पेंशन तथा राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान करने को भी कहा गया है। इसके साथ ही सभी हितग्राही मूलक योजनाओं के पात्रता चयन, सामग्री वितरण और ग्रामवार जानकारी संकलन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ग्राम विकास योजना की हुई समीक्षा

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने जनपद सीईओ से बेसलाइन सर्वे और ग्राम विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को निर्माण पोर्टल में मांगी गई जानकारी फ़ोटो सहित एक सप्ताह के भीतर अपलोड करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पूर्ण हो चुके आवासों में हितग्राहियों का गृह प्रवेश जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित कराने को कहा गया है। महतारी वंदन योजना के ई-केवाईसी सत्यापन के लिए अधिकृत सीएससी केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों में निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही जनगणना 2027 के लिए सभी अधिकारियों को स्वगणना फार्म ऑनलाइन भरने के लिए कहा गया है। पीडीएस व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने माह के अंत तक सभी सोसायटियों में मई माह के खाद्यान्न का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने निर्देश दिए।

# एचएमएस का शक्ति प्रदर्शन, पूर्व अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद सैकड़ों कर्मचारियों का ऐतिहासिक जुड़ाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) के केंद्रीय अध्यक्ष बजरंगी साही की अध्यक्षता में कुसमुंडा क्षेत्र में संगठन को बड़ी मजबूती मिली है। क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष सुरजीत सिंह द्वारा अध्यक्ष पद एवं प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दिए जाने के बाद संगठन में नए बदलाव देखने को मिले हैं, पूर्व अध्यक्ष का कोयला मजदूर सभा से अलग होना संगठन के लिए सुखद रहा, और उनके जाते ही सैंकड़ो की संख्या मे कर्मचारी साथी स्वतः ही संगठन से जुड़ने तैयार दिखे।

क्षेत्रीय महामंत्री अशोक कुमार साहू के नेतृत्व में संगठन ने पूर्व अध्यक्ष के पदत्याग करते ही त्वरित सक्रियता दिखाई, पूर्व में कोयला मजदूर सभा संगठन के सक्रिय पदाधिकारी रहे लक्ष्मण सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुरजीत सिंह के पद छोड़ते ही इंटक सहित अन्य संगठनों से सैकड़ों कर्मचारियों ने एचएमएस की सदस्यता ग्रहण कर संगठन के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि सुबह को भुला शाम मे वापिस आ जाएं उसे भुला नहीं कहते मै और मेरे साथ संगठन से जुड़ने वाले लोग अब ना केवल स्वयं जुड़े है बल्कि अपने साथ के सहकर्मी साथियों को जोड़कर संगठन को नयी ऊंचाई तक ले जाने मे कोई कोर -कसर नहीं छोड़ेंगे। कोयला मजदूर सभा एसईसीएल बिलासपुर के केंद्रीय अध्यक्ष बजरंगी साही का अध्यक्ष बनने के बाद दूसरा आगमन था और दोनों ही बार उनका आना क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक रहा, दोनों ही बार सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पूरे जोशो खरोस से कोयला मजदूर सभा का दामन थामा, उन्होंने जोर देते हुए कहा कि एच एम एस अपने आप में एक मजबूत संगठन है जो किसी राजनीतिक विशेष से जुड़ा हुआ नहीं है,उन्होंने कोयला मजदूर सभा एसएमएस के साथ जुड़ने वाले सभी नए साथियों का गर्म जोशी से स्वागत किया साथ ही उन्होंने कहा कि भले ही पहले किसी कारण से आप संगठन से अलग हुए हो लेकिन अब जब जुड़े हैं तो पूरी ताकत के साथ जुड़े हैं जिसका असर निःसंदेह कुसमुंडा क्षेत्र के मेंबरशिप में दिखाई देगा।



कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत करते सदस्य।

# प्रशिक्षु आईएएस गुरभेले को दी गई विदाई


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में एक वर्ष की प्रशिक्षण अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात प्रशिक्षु आईएएस क्षितिज गुरभेले को भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि विभिन्न विभागों के साथ कार्य करते हुए श्री गुरभेले ने एक प्रशिक्षु अधिकारी के रूप में शासकीय कार्यप्रणाली को गहराई से समझा और सीखा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के कार्यों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने से भविष्य में प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन में उन्हें सहजता होगी। कोरबा जैसे जिले में कार्य करना और यहां की व्यवस्थाओं को समझना उनके आगामी प्रशासनिक जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। कलेक्टर ने इस अवसर पर उन्हें सिविल सेवा दिवस की भी शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षु आईएएस क्षितिज गुरभेले ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक वर्ष की प्रशिक्षण अवधि उनके लिए अत्यंत शिक्षाप्रद रही। उन्होंने बताया कि आईएएस बनने से पहले उनकी सोच एक सामान्य नागरिक की तरह थी, लेकिन प्रशासन का हिस्सा बनने के बाद उनकी दृष्टि और समझ में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि किसी पद पर आने के साथ नई जिम्मेदारियां और दायित्व भी जुड़ते हैं, जिनका निर्वहन गंभीरता से करना होता है। राजस्व सहित विभिन्न विभागों में कार्य करते हुए और बैठकों में सहभागिता के माध्यम से उन्हें बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण केवल एक अवधि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है जो आगे भी जारी रहेगी।



स्मृतिचिन्ह भेंट करते कलेक्टर।

# मिनीमाता बालको का परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मिनीमाता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालकोनगर द्वारा सत्र 2025-26 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमे छात्रो द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। नर्सरी 'अ' पहला जस्वी साहू 98.6 प्रतिशत, दूसरा आयुष दास 97 प्रतिशत, तीसरा अंशिका 97 प्रतिशत, नर्सरी 'ब' पहला हंशिका बारेठ 93.8 प्रतिशत, दूसरा आयुष 93 प्रतिशत और तीसरा हिमांश 91 प्रतिशत, केजी 1 'अ' पहला आयुष 98 प्रतिशत, दूसरा आशीष महंत 93 प्रतिशत, तीसरा अदिति कुमारी पाठक 91.7 प्रतिशत, केजी 1 'ब' पहला धीरज 97प्रतिशत, दूसरा पीयूष 95 प्रतिशत, तीसरा सोनल 95.5 प्रतिशत, केजी 2 सेक्शन (अ) पहला मुस्कान 99 प्रतिशत, दूसरा लोकित 98 प्रतिशत और तीसरा उर्विजा 97.6 प्रतिशत, केजी 2 (ब) पहला सोनाक्षी 94.7प्रतिशत, दूसरा खिलेश दास 93.7 प्रतिशत और तीसरा अंश 91 प्रतिशत, कक्षा पहली 'अ' पहला भाव सिंह 99 प्रतिशत दूसरी नव्या कुशवाहा 98 प्रतिशत और तीसरा परिणीता 97 प्रतिशत, कक्षा पहली 'ब' प्रथम पूनम 99.7 प्रतिशत दूसरी लावण्या 98.6 प्रतिशत और तीसरा जयंत 96.5 प्रतिशत, कक्षा दूसरी 'अ' प्रथम अंशिका 99 प्रतिशत दूसरा साधना 98.5 प्रतिशत और तीसरा कान्हा 96.8 प्रतिशत, कक्षा दूसरी (ब) प्रथम दीपिका 98.5 प्रतिशत दूसरा इशा 96.5 प्रतिशत और तीसरा काव्य दिव्या 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

### ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीते दिनों प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने 2,225 करोड़ से अधिक की लागत से बनने वाली 774 सड़कों का शिलान्यास कर प्रदेश को एक बड़ी सौगात दी। शहर के टीपी नगर स्थित राजीव गांधी ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें, श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि रहे। मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि जिले में 55 सड़के, 67 नवीन बसाहटों को जोड़ने वाले कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी कुल लंबाई 162.81 किलोमीटर है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा०प्र०क०-202604050100046
अ-55/2025-26
ग्राम-देवरमाल,प०ह0नं0-26
तहसील व जिला-कोरबा, छ०ग०

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक यमुना प्रसाद पटेल पिता बलराम पटेल, निवासी ग्राम देवरमाल, तहसील व जिला-कोरबा, छ०ग० के द्वारा ग्राम-देवरमाल, तहसील कोरबा में ग्राम पटेल के पद रिक्त होने के कारण ग्राम-देवरमाल में पटेल के पद पर नियुक्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र कक्षा 5वीं, कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, बी.ए., एम.ए., निवास प्रमाण पत्र, खसरा, बी-1 की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

ग्राम-देवरमाल, तहसील कोरबा में रिक्त पटेल के पद पर आवेदक को नियुक्त किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 25/05/2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है।

आज दिनांक 10/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### सेंट विन्सेंट पलोटी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट





**कोरबा।** सेंट विन्सेंट पलोटी स्कूल रवि शंकर शुक्ल नगर के कक्षा 10वीं के सीबीएसई परीक्षा में सम्मिलित 106 छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। जिसमें सिद्धि अग्रवाल ने 96 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, गुंजन सिंह ने 90.80 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान, आर्या कोठारी ने 88.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किए हैं। इसी प्रकार 70 विद्यार्थियों ने प्रथम जिसमें से 28 छात्र छात्राओं ने 80 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। सेंट विन्सेंट पलोटी विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए छात्र-छात्राओं को बधाई दिये हैं।

### एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**हरदीबाजार।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने कलेक्टर को महाविद्यालय हरदीबाजार में मूलभूत सुविधा की समस्याओं को लेकर पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि महाविद्यालय टीननुमा पोटा केबिन में संचालित है जहां वर्तमान में महाविद्यालय में छात्रों की परीक्षा संचालित हो रही है। इस भीषण गर्मी में जहां पर 42 से 43 डिग्री तापमान पर है। वहीं अध्ययनरत छात्रों को पोटा केबिन में बैठकर अध्ययन करना व परीक्षा देने में बड़ी असुविधा और समस्या हो रही है। देश को आर्थिक सहयोग करने वाले जिले के अधिग्रहण ग्राम के महाविद्यालय में गर्मी से राहत के लिए ना कुलर की व्यवस्था है और नहीं ठंडे पानी पीने के लिए वाटर कूलर की सुविधा है। जिसे महाविद्यालय के छात्रों को इन सरी समस्याओं से रोजाना जूझना पड़ रहा है, इन समस्याओं को श्री राठौर ने पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन से जल्द से जल्द महाविद्यालय में पांच नग ठंडे पानी के लिए वाटर कुलर की व्यवस्था एवं प्रत्येक कमरे में एसी लगाने की मांग की है। यदि सात दिवस के भीतर में इसकी व्यवस्था नहीं की जाती है तो ऐसी स्थिति में श्री राठौर ने छात्र हितों के लिए छात्रों के साथ एनएसयूआई के तत्वाधान में हरदीबाजार तहसील कार्यालय का घेराव करेंगे।

### कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई




**कटघोरा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जेंजरा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई समारोह दिया गया। इंडो-वेस्टर्न थीम पर आधारित इस समारोह में विद्यार्थियों ने रैंप वॉक, नृत्य एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अकरम अली को मिस्टर फेयरवेल तथा पूजा जायसवाल को मिस फेयरवेल के खिताब से सम्मानित किया गया। प्राचार्या डॉ राज रेखा शुक्ला ने कहा कि आप सभी नए सपनों की ओर बढ़ रहे हैं। विद्यालय में सीखे गए संस्कार और मूल्य ही आपके जीवन की सच्ची पूंजी हैं। इन्हें हमेशा संजोकर रखें और अपने कार्यों से विद्यालय का नाम रोशन करें।

### जिले में ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान का आग़ाज़

**कोरबा।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए महत्वपूर्ण ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के सुचारू क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के भीतर मौजूद दुर्लभ पाण्डुलिपियों, ताड़पत्रों और हस्तलिखित ग्रंथों के चिन्हांकन एवं सूचीकरण के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। अभियान को गति देने के लिए जिले में अनुभाग स्तरीय समितियों का गठन किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता वाली इन समितियों में तहसीलदार, जनपद सीईओ, बीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ शामिल होंगे। ये समितियां हर सप्ताह अपनी प्रगति रिपोर्ट जिला समिति को सौंपेंगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सर्वेक्षण कार्य के लिए प्रत्येक गाँव में पंचायत सचिव या शिक्षक और नगरीय क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड में एक कर्मचारी को सर्वेयर नियुक्त किया जाए। ये सर्वेयर अपने क्षेत्र में उपलब्ध पाण्डुलिपियों की पहचान कर उन्हें मोबाइल ऐप के माध्यम से अपलोड करेंगे। इस कार्य में कॉलेज के प्राचार्यों और प्रोफेसरों की भी सेवाएँ ली जाएँगी। नियुक्त किए गए सभी सर्वेयरों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएंगे, जहाँ प्रशिक्षण लिंक और अन्य निर्देश साझा किए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को सर्वेक्षकों का आदेश जारी करने और प्रशिक्षण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# जटगा-पसान सड़क जर्जर, खराब हो रही हैं यात्री बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में प्रमुख सड़कों के निर्माण के लिए डीएमएफ से राशि जारी होती है। इन प्रमुख सड़कों में जडगा पसान सड़क भी शामिल है। किन्तु इस सड़क के लिए राशि जारी नहीं हुई है। जर्जर होने के कारण इस मार्ग पर चलने वाली यात्री बसें खराब होकर रास्ते में खड़ी हो जा रही हैं।

कसनिया से पसान तक टू लेन सड़क निर्माण का प्रस्ताव एनएचआई को भेजा गया था। लगभग 60 मीटर चौड़ी इस सड़क के लिए सर्वे का काम ही शुरू हुआ है। टू लेन सड़क निर्माण को लेकर जब प्रस्ताव आया तब से जडगा से लेकर पसान तक जर्जर सड़क के मरम्मत को लेकर विभाग के द्वारा कोई प्रस्ताव ही नहीं तैयार किया गया। जबकि क्षेत्र की यह सबसे पुरानी व प्रमुख सड़क है। जो दो जिलों के बीच लंबी दूरी तय करती है। कोरबा से पेंड्रा जाने वाली यात्री बसें इसी मार्ग से आवागमन करती हैं। 8 किलोमीटर लंबी घाटी को छोड़कर शेष सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। बरसात से लेकर गर्मी के दिनों में भी इस सड़क से गुजरना छोटे वाहनों के लिए और भी कठिन हो जाता है। गर्मी के दिनों में यात्री बसों के सामने सड़क में बने गड्ढों के बीच से ही गुजरना चुनौती बना हुआ है। कई बार यात्री बसों के चक्के पंचर हो जा रहे हैं तो किसी यात्री बस के तकनीकी खराबी आ जाने से बीच रास्ते में ही खड़ी हो जा रही है। मजबूरी में यात्रियों को दूसरी बसों में सफर करना पड़ता है।

## टू लेन बनाने का प्रस्ताव भी कागजों तक सीमित

**खास बातें**

- मरम्मत के लिए लगातार बैठकों में होती है तैयारी
- यात्रियों को होती है परेशानी



### प्रशासन की बैठक में नहीं बनी योजना

जिले की सड़कों को लेकर डीएमएफ से राशि जारी कि जाने के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा 22 सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। किन्तु जडगा पसान सड़क का इस 22 सड़कों के टेंडर में कहीं जिक्र नहीं है और इसका कारण कसनिया से लेकर पसान तक की सड़क को टू लेन किया जाना बताया जा रहा है।

## बरपाली और पाली में हो चुका है जमीन का चयन

# ग्रामीण क्षेत्र में स्टेडियम निर्माण का काम केवल जमीन चयन तक ही है सीमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए खेल एवं कल्याण विभाग के माध्यम से जिले में स्टेडियम निर्माण हेतु जमीन के लिए प्रस्ताव मांगे गए थे। उसके तहत बरपाली और पाली में जमीन चयन का काम पूरा होने के बाद भी निर्माण के लिए कोई एजेंसी अब तक नहीं हो सकी है। जबकि प्रक्रिया को पूर्ण हुए 4 माह से अधिक का समय बीत चुका है।

**खास बात**

- पोडी उपरोड़ा और कोरबा ब्लाक में नहीं मिली अब तक जमीन

खेल प्रतिभाओं के लिए शहर में सार्वजनिक उपक्रमों के साथ नगर निगम के स्टेडियम मौजूद हैं। उसी तर्ज पर ग्रामीण अंचलों में भी स्टेडियम निर्माण शुरू करने का प्रस्ताव वर्ष 2024 में नई सरकार बनने के बाद मांगा गया था। इसके लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग को जिम्मेदारी दी गई थी। राजस्व विभाग के सहयोग से खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने जमीन चयन के कार्य शुरू किया और करतला ब्लाक के ग्राम बरपाली में 5 एकड़ जमीन का चयन का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा था। उस प्रस्ताव के तारतम्य में विभाग के द्वारा स्वीकृति दे दी गई है। कितनी लागत से स्टेडियम का निर्माण होगा और निर्माण एजेंसी कौन होगी जिसका चयन अब तक नहीं हो सका है। इसी तरह पाली ब्लाक में भी पुराने स्टेडियम को ही नए स्टेडियम के लिए विभाग के द्वारा चयनित किया गया है। स्टेडियम के लिए निर्धारित जमीन पुराने स्टेडियम में मौजूद है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मापदंडों के तहत पाली में पुराने स्टेडियम को भी अपडेट कर नये स्टेडियम को शुरू किया जाएगा। इसका भी प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है। दोनों ही स्टेडियम को लेकर स्थानीय प्रशासन के द्वारा जमीन चयन से संबंधित जो भी प्रक्रिया नियम शर्तों के तहत करना था वह पूरी की जा चुकी है। शासन स्तर से इन दोनों स्थानों में खेल स्टेडियम तैयार करने के संबंध में न तो कोई राशि स्वीकृत की गई है और न ही कोई एजेंसी तय हुई है। जबकि जमीन चयन के प्रक्रिया को पूरे हुए 4 माह से अधिक का समय बीत चुका है और अब तक केवल जमीन चयन तक ही काम सीमित रह गया है।


फाइल फोटो

### दोनों क्षेत्रों की प्रतिभाएं जाती हैं नेशनल तक

करतला ब्लाक के बरपाली और पाली क्षेत्र की खेल प्रतिभाएं पिछले कुछ वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर जिले की ओर से प्रदेश की टीम में अपना स्थान बना चुकी है। रक्बी फुटबाल केवल पाली ब्लाक में ही खेला जाता है। जिले में करतला ब्लाक के फरसवानी क्षेत्र से वेट लिफ्टिंग की प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुकी हैं। किन्तु दोनों ही क्षेत्रों में खिलाड़ियों के लिए स्थानीय स्तर पर भी कोई स्टेडियम मौजूद नहीं है। स्कूल मैदान में ही स्थानीय प्रतिभाओं को खेल प्रशिक्षकों के द्वारा संसाधनों के अभाव में तैयार किया जा रहा है।

### ट्रायवल विभाग को भी मिला है फंड

खेल को बढ़ावा देने की मंशा पर ट्रायवल विभाग को भी एक बड़ा फंड मिला है। लगभग 5 करोड़ की राशि स्टेडियम के लिए जारी की गई है। किन्तु विभाग इतनी बड़ी राशि से कहां खेल स्टेडिमय तैयार करेगा इसके लिए उसे अब तक जिले में किसी भी ब्लाक में जमीन ही नहीं मिली है। ट्रायवल विभाग के द्वारा अजजा वर्ग के खिलाड़ियों के लिए होने वाली खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी फंड नहीं आने की वजह से नहीं कराया जा रहा है।

### पाली व बरपाली में बनेगा

करतला ब्लाक के बरपाली में जमीन मिली है। किन्तु निर्माण की प्रक्रिया कुछ तकनीकी कारणों से रुकी हुई है। पाली में पुराने स्टेडियम को ही अपडेट किया जाएगा।

-**दीनू पटेल,** खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग

# लकवा से ग्रसित महिला ने जहर खाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लकवा की बीमारी से लंबे समय से ग्रसित एक 52 वर्षीय की महिला ने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला को उपचार के लिए गंभीर अवस्था उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच में जुट गई है।

श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली निवासी रुसेला टोप्पो उम्र 52 वर्ष पति बालमुकुंद टोप्पो ने अपने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। बताया जाता है कि बालमुकुंद 13 अप्रैल की दोपहर खेती किसानी के काम से खेत गया था जब वह वापस लौटा तो उसने देखा कि उसकी पत्नी रुसेला घर में बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी जिसके बाद बालमुकुंद ने रुसेला को उपचार के लिए करतला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां पिछले कई दिनों से रुसेला का उपचार चल रहा था और उपचार के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

# कोयला ट्रेडिंग के लिए जल्द आएगा नया डिजीटल प्लेटफॉर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला कारोबार को ज्यादा पारदर्शी व आसान बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया जा रहा है। इसे लेकर एमसीएक्स को सेबी से कोल एक्सचेंज बनाने की मंजूरी मिल गई है। एमसीएक्स की ओर से बताया गया उसे 17 अप्रैल को यह मंजूरी मिली। इसके बाद कंपनी कोयला नियंत्रक संगठन के पास लाइसेंस के लिए आवेदन करेगी। इस मंजूरी के बाद एमसीएक्स एक नई सहायक कंपनी बनायेगी, जिसका संभावित नाम एमसीएक्स कोल एक्सचेंज लिमिटेड हो सकता है।

**खास बात**

- एमसीएक्स को 17 अप्रैल को मिल गई है मंजूरी

यह नया प्लेटफॉर्म कोयले की खरीद-बिक्री के लिए पूरी तरह डिजिटल व रेगुलेटेड सिस्टम उपलब्ध करायेगा। इससे कोयला ट्रेडिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी और कीमत तय करने की प्रक्रिया ज्यादा बेहतर हो सकेगी। इस प्लेटफॉर्म पर डिजिटल ट्रेडिंग के साथ फिजिकल डिलीवरी की सुविधा भी दी जायेगी। एमसीएक्स इस नई कंपनी में शुरुआती तौर पर करीब 100 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। शुरू में इस कंपनी में एमसीएक्स की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी रहेगी। हालांकि आगे चलकर इसमें बड़े पार्टनर्स को भी शामिल किया जा सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस पहल से कोयला सेक्टर में दक्षता बढ़ेगी और कारोबारियों को एक भरोसेमंद प्लेटफॉर्म मिलेगा। यह ऊर्जा क्षेत्र में एमसीएक्स की पकड़ को भी मजबूत करेगा। वहीं सरकार स्टील सेक्टर को भी आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है। योजना के तहत 2030 तक बनने वाले नये स्टील प्लांटों में कम से कम 30 फीसदी घरेलू कोकिंग कोल का इस्तेमाल अनिवार्य किया जा सकता है।

# एनएसएस इकाई भैसमा ने स्कूल गेट के सामने की प्याऊ की व्यवस्था



प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित एनएसएस के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैसमा

अक्षय-तृतीया अक्षय तृतीया के दिन शा.उ.मा.विद्यालय भैसमा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए आमजनों की सुविधा के लिए एक निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य राहगीरों, श्रमिकों एवं आम नागरिकों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि संतोष कुमार साहू शाला विकास समिति अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल सेवा मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और एनएसएस इकाई का यह प्रयास समाज के प्रति संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एस के साहू ने बताया कि इस प्याऊ में स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है तथा स्वयंसेवक नियमित रूप से इसकी देखरेख करेंगे। स्वयंसेवकों ने भी भाग लिया और लोगों को जल वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सी एल सारथी, शाला विकास समिति सदस्य चुन्नी लाल पाटिल, स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# बारूद फैक्ट्री में मजदूरों का विरोध, 9 घंटे काम रहा ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विरोध प्रदर्शन करते श्रमिक।

हरदीबाजार स्थित आईडल इंडस्ट्रीयल बारुद फैक्ट्री में सोमवार को मजदूरों का गुस्सा फूट पड़ा। ड्राइवर, ऑपरेटर और अन्य श्रमिकों ने सुबह से ही काम बंद कर जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे फैक्ट्री का काम करीब 9 घंटे तक पूरी तरह ठप रहा। मजदूरों ने आरोप लगाया कि उन्हें कम मजदूरी में जोखिम भरे माहौल में काम करने को मजबूर किया जाता है।

मजदूरों की मुख्य मांगों में मजदूरी बढ़ाने, जान जोखिम में डालकर काम कराने की प्रथा बंद करने, पर्याप्त सेफ्टी उपकरण उपलब्ध कराने और खतरनाक कार्यों के लिए अतिरिक्त भत्ता देने जैसी बातें शामिल रहीं। श्रमिकों ने 10 सूत्रीय मांग पत्र प्रबंधन को सौंपा और साफ कहा कि बारूद और विस्फोटकों की फैक्ट्री में छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे में बदल सकती है, इसलिए सुरक्षा से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। लंबी और गर्मागर्म बातचीत के बाद आखिरकार प्रबंधन को झुकना पड़ा और मजदूरों की अधिकांश मांगों पर सहमति बन गई। इसके बाद श्रमिकों ने हड़ताल को स्थगित कर काम फिर से शुरू करने का निर्णय लिया। इस दौरान छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश संगठन मंत्री उमागोपाल भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने मजदूरों को समर्थन देते हुए कहा कि हक की लड़ाई में संगठन उनके साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। मजदूरों की एकजुटता ने यह साबित कर दिया कि संगठित संघर्ष से बड़े से बड़ा प्रबंधन भी झुकने को मजबूर हो जाता है। यह घटना औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिक सुरक्षा और अधिकारों के मुद्दे को एक बार फिर प्रमुखता से सामने लाती है।

# अग्रवाल सभा चुनाव, बजरंग अध्यक्ष, आशीष उपाध्यक्ष और महावीर बने कोषाध्यक्ष


अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, उपाध्यक्ष आशीष गोयल, कोषाध्यक्ष महावीर अग्रवाल।

**कोरबा।** अग्रवाल सभा का दो वर्षीय कार्यकाल का चुनाव मंगलवार को अग्रसेन भवन में भारी गहमा गहमी से साथ संपन्न हुआ। देर शाम तक चली मतगणना के बाद घोषित परिणाम में बजरंग अग्रवाल अध्यक्ष पद पर 598 वोट लेकर विजयी हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर आशीष गोयल 691 मत लेकर विजयी घोषित किए गए। कोषाध्यक्ष पद पर महावीर केडिया 503 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त किये।

सभी प्रत्याशी अपने पक्ष में समाज के लोगों से मत डालने की अपील करते दिखे। मुख्य चुनाव अधिकारी आशीष खेतान ने बताया कि कुल 1280 मत का उपयोग किया जाना है। बडी शांति के साथ चुनाव सम्पन्न हुआ। समाज के सदस्यों ने शांति से अपना मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर बजरंग अग्रवाल व पवन अग्रवाल दावेदारी पेश कर रहे थे। जिसमें बजरंग अग्रवाल 598 वोट मिले, पवन अग्रवाल को 398 वोट प्राप्त हुए, 9 वोट निरस्त हुए। कुल 200 वोट से बजरंग अग्रवाल विजयी हुए। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर आशीष गोयल, राहुल मोदी चुनाव मैदान में थे जिसमें आशीष गोयल को 691 मत, राहुल मोदी को 344 मत प्राप्त हुए, 10 वोट निरस्त हुए। इस तरह आशीष गोयल उपाध्यक्ष पद पर काबिज हुए। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद के लिए महावीर केडिया और राकेश नागरमल के बीच मुकाबला था, इस मुकाबले में महावीर केडिया ने 503 वोट लेकर कोषाध्यक्ष पद पर काबिज हुए। राकेश नागरमल को 494 वोट प्राप्त हुए। महावीर केडिया 9 वोट से विजयी हुए।

### ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौके पर हुई मौत

**अम्बिकापुर।** कटनी गुमला नेशनल हाईवे क्रमांक 43 पर सुबह एक बड़ी दुर्घटना हो गई। ग्राम सरईपारा में ट्रक और बाइक के बीच हुए टक्कर में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। युवक हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ जमा हो जाने से अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गई और काफी देर तक नेशनल हाईवे पर आवागमन बाधित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले भीड़ को नियंत्रित किया उसके बाद आवागमन बहाल कराया। सड़क दुर्घटना के बाद चालक मौके पर ही वाहन छोड़ फरार हो गया। पुलिस द्वारा ट्रक को जब्त कर थाने लाया गया। जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के ग्राम लुड़ेग निवासी मुनेश्वर प्रधान आ. स्व. घसिया राम प्रधान (44 वर्ष) सुबह काम के सिलसिले में लेबर मिस्त्री लेने सीतापुर आया था। लेबर मिस्त्री खोलने के बाद वह बाइक क्रमांक सीजी 13 ए 6414 से वापस अपने घर ग्राम लुड़ेग जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 29 एबी 0147 से बाइक की सीधी टक्कर हो गई। ट्रक व बाइक की टक्कर इतीन जबरदस्त थी कि बाइक सवार के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक डर से वाहन को मौके पर ही छोड़ फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई जिससे आवागमन काफी देर तक बाधित हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवागमन बहाल कराया। आवागमन बहाल होने के बाद शव अस्पताल भेजा और ट्रक को जब्त कर थाने ले आई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411